Debate Competition – December 17-19, 2019

प्रभात खबर
रांची, बुधवार
18.12.2019
16

इक्फाइ विवि में वाद-विवाद व फूड फेस्ट

रांची. इक्फाइ विवि, झारखंड में मंगलवार से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पहले दिन महिलाओं पर अत्याचार कैसे रोका जाये विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई. बुधवार को फूड फेस्ट का आयोजन किया जायेगा. दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक इसका आयोजन होगा. सभी कार्यक्रम विवि के दलादली चौक सिमलिया स्थित कैंपस में होंगे.

खबर मन्त्र
रांची, बुधवार, 18 दिसंबर 2019 16

सबको सम्मानपूर्वक जीने का है अधिकार : डालसा

इक्फाई विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

वाद-विवाद प्रतियोगिता के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथिगण

रांची। महिलाओं से जुड़े अपराध को रोकने के लिए मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से सिमलिया कटहल मोड़ स्थित इक्फाई विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मौके पर डालसा सचिव अभिषेक कुमार ने कहा कि देश में सभी को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार है। महिला से जुड़े अपराध में वृद्धि पर चिता जताते हुए कहा कि इसके लिए युवाओं को भी आगे आना होगा। कहीं भी कुछ गलत होने का अंदेशा हो तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें।

वहीं, छात्रों ने सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाना, डार्क प्लेस निर्धारित करना, सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देना, सेक्स शिक्षा देना, सोशल मीडिया का संयमित प्रयोग तथा पुलिस रिफोर्मेशन पर सुझाव दिये। प्रतियोगिता में भाग लेने वालों में तन्नु प्रिया, राशि, अपूर्वा प्रमाणिक, मयंक, आकाश, अनुराग श्रीवास्तव, राखी, अमन श्रेष्ठ, आर्यन भारद्वाज, निधि सिन्हा, रौशन तिर्की, विनिता बाड़ा, राहुल, सौरभ भारद्वाज आदि शामिल थे। इस अवसर पर इक्फाई के कुलपति प्रो ओआरएस राव, हाई कोर्ट के अधिवक्ता आशुतोष आनंद, पीएलवी विक्की कुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

बुधवार, 18 दिसंबर 2019

हिन्दुस्तान

महिलाओं को दी जाए आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

इक्फाई परिसर में मंगलवार को सेंटर का उद्घाटन करते अतिथिगण। • हिन्दुस्तान

रांची | संवाददाता

प्रतियोगिता आयोजित

- महिला से अपराध की रोकथाम पर वाद-विवाद प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में कई रचनात्मक विचार उभरे

डालसा व आईसीएफएआई (इक्फाई) विश्वविद्यालय ने से महिला से संबंधित अपराध की रोकथाम पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन इक्फाई परिसर स्थित लीगल सर्विस सेंटर में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं पर हो रहे अपराध को रोकना है। प्रतियोगिता में विवि के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगियों ने महिला के विरुद्ध हो रहे अपराधों के कारण तथा उनके संभावित उपचार के संबंध में विस्तृत रूप से अपने विचार रखे, जिनमें प्रमुख रूप से सार्वजनिक स्थानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना, डार्क प्लेस निर्धारित करना, सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देना, सेक्स शिक्षा देना, सोशल मीडिया का संयमित इस्तेमाल तथा पुलिस रिफोर्मेशन इत्यादि शामिल है।

प्रतियागिता में तन्नुप्रिया, राशि, अपूर्वा प्रमाणिक, मयंक, आकाश, अनुराग श्रीवास्तव, राखी, अमन श्रेष्ठ, आर्यन भारद्वाज, निधि सिन्हा, रौशन तिर्की, विनिता बाड़ा, राहुल, सौरभ भारद्वाज, होजिफा, आकाशदीप ने भाग लिया। सभी छात्र बीबीए, एमबीए, बी-टेक, बीए, बबीए, एलएलबी के थे।